भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर, उज्जैन, सागर, रीवा, कटनी, छिंदवाड़ा, सीधी, उमरिया, छतरपुर, शिवपुरी, होशंगाबाद, छग, उप्र, महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान एवं नई दिल्ली से प्रकाशित

www.pradeshtoday.com

पूरा सच, बेहिचक

प्रदेश टुडे

भोपाल
शुक्रवार
05 जून 2020
वर्ष: 10, अंक: 253
कुल पृष्ठ-08
मूल्य: ₹ 2.00

पेट्रोलियम टुडे
पेट्रोल: 77.58 डीजल: 68.29

मौसम टुडे

भोपाल	30.0	22.0
ग्वालियर	34.2	25.0
इंदौर	31.1	21.2
जबलपुर	32.3	23.1

रेट्स टुडे

डॉलर	: 75.85
यूरो	: 85.59
सेंसेक्स	: 34166.86
निफ्टी	: 10109.90
सोना 24 के.	: 49,300/10 ग्रा.
चांदी पाट	: 49,000/1 किग्रा.

(सोना-चांदी रेट जीएसटी सहित)

07. विदेश में टूर्नामेंट...

पटरी पर लौटती जिंदगी, MP में चुनावी गहमागहमी, केंद्र व्यवस्थाएं बनाने में जुटा

नेता-पुलिस गठजोड़ पर लगाम, ट्रांसफर सिफारिशों पर बंदिश

भोपाल, ब्यूरो। पुलिस अफसरों को तबादला, मनचाही पोस्टिंग को लेकर नेताओं और प्रभावी लोगों की सिफारिश करवाना, बिना आईजी की अनुमति के राज्यपाल या शासन के सचिवों से मिलना महंगा पड़ सकता है। विधायकों के जरिए अपनी परेशानी बताना भी प्रतिबंधित किया गया है।

इधर, PHQ ने याद दिलाया पुराना फरमान

- गुरुवार को जारी आदेश में मध्य प्रदेश सिविल सेवा आचरण और मध्य प्रदेश पुलिस मेन्युअल एवं रेगुलेशन्स का हवाला देते हुए बताया गया है कि कोई भी शासकीय सेवक अपनी सेवा से संबंधित मामलों में अपने हितों की बढ़ोतरी के लिए किसी वरिष्ठ अधिकारी पर कोई राजनीतिक या अन्य प्रभाव न तो डालेगा और न प्रभाव डलवाने का प्रयत्न करेगा।
- तबादलों और पोस्टिंग के लिए राजनीतिक हस्तक्षेप से वे दूर रहें।
- बिना आईजी की अनुमति के कोई भी अफसर राज्यपाल, शासन के सचिवों से नहीं मिल सकेगा। इस पर कठोरता से प्रतिबंधित रहेगा।
- विभाग, विधायिका और निजी संगठनों से व्यक्तिगत दावों के लिए दबाव डालवाने, व्यक्तिगत सहमति के लिए या परेशानियों से बचाव करवाने पर भी पुलिस मुख्यालय सख्त होगा।

आवेदन एसपी और आईजी के जरिए करें पेश

वहीं इसी आदेश में यह भी बताया गया है कि नियुक्ति, तबादलों आदि के लिए आवेदन पुलिस अधीक्षकों के माध्यम से प्रस्तुत किए जाएं। यदि आवेदक राजपत्रित अफसर है तो आईजी के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत किए जाएं।

कोरोना संक्रमण से जूझते हुए जिंदगी पटरी पर लौट रही है। इसी के साथ प्रदेश में राजनीतिक गतिविधियां भी तेज हो गई हैं। राज्य में होने वाले उप चुनावों और राज्यसभा चुनाव के मद्देनजर मेल मुलाकातों का दौर शुरू हो गया है। वहीं नई सरकार में ट्रांसफर और पोस्टिंग की कोशिशों में जुटे पुलिस कर्मियों को एक पुराना फरमान याद दिलाया गया है। इस बीच मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान आज गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा से सौजन्यवश मिलने पहुंचे। समझा जाता है कि इनके बीच उप चुनाव समेत कई मुद्दों पर चर्चा हुई है।

गृहमंत्री के घर CM का ब्रेकफास्ट ...पुलिस को मुलाकातों पर हिदायत

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और स्वास्थ्य मंत्री नरोत्तम मिश्रा।

भोपाल, ब्यूरो। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान आज सुबह गृहमंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा के चार इमली स्थित निवास पर जा पहुंचे। करीब आधा घंटे तक रुकने के बाद सीएम शिवराज ने कहा कि वे मुख्यमंत्री और नरोत्तम गृहमंत्री हैं। सालों से युवा मोर्चा के जमाने से हम साथ काम करते आए हैं। मंत्री नरोत्तम का आग्रह था कि घर आएं तो आ गया और हमारा लंबे समय से नाश्ता भी ड्यू था। इसलिए साथ नाश्ता करने के बाद मंत्रालय जा रहे हैं।

सीएम चौहान ने बारिश के कारण गेहूं भीगने को लेकर सवालों के जवाब में कहा कि जब सत्ता संभाली तो विपरीत परिस्थितियां थीं, कोरोना फैल रहा था और गेहूं खरीदी की कोई व्यवस्था नहीं थी तो हमने तैयारी की। अब एमपी में खरीदी का रिकार्ड बना है। सरकार अब तक एक करोड़ 26 लाख मीट्रिक टन गेहूं खरीद चुकी है जबकि सौ लाख मीट्रिक टन की व्यवस्था की थी। अभी हम इससे अधिक गेहूं खरीदेंगे। गेहूं भीगने को लेकर उन्होंने कहा कि निसर्ग बीच में आ गया है लेकिन 94 प्रतिशत गेहूं का भंडारण हो चुका है। जो गेहूं तौला जा रहा था वह ढंकने की कोशिश की गई पर भीग गया है। हम पहले ही कह चुके हैं कि किसान का नुकसान नहीं होगा। मंत्रिमंडल विस्तार और उपचुनाव की प्लानिंग को लेकर किए गए सवाल के जवाब में सीएम चौहान ने कहा कि चर्चा तो हम रोज ही करते हैं। वल्लभ भवन में बैठकें होती हैं। इसलिए यहां ऐसी बात नहीं है।

भेंट के पीछे राज्यसभा चुनाव की तैयारी

इधर राजनीतिक सूत्रों का कहना है कि गृहमंत्री के बंगले पर सीएम चौहान की यह मुलाकात 19 जून को होने वाले राज्यसभा चुनावों के मद्देनजर थी। इस चुनाव में भाजपा विधायकों को तोड़ने की कोशिश कांग्रेस कर सकती है। इसलिए दोनों की बीच विधायकों के संपर्क में रहने को लेकर चर्चा हुई है, चूंकि आने वाले दिनों में दोनों ही दलों में खासी उथलपुथल के हालात बन सकते हैं। इसके अलावा पुलिस व्यवस्था और मंत्रिमंडल विस्तार से भी बैठक को जोड़ा जा रहा है।

BJP में आने वाले मानें उसका अनुशासन तभी मिलेगी जीत, वरना होगी तकलीफ: शेजवार

इधर, पूर्व मंत्री गौरीशंकर शेजवार ने कांग्रेस से भाजपा में आए ज्योतिरादित्य सिंधिया समर्थक नेताओं से कहा है कि उपचुनाव में भाजपा उन्हें ही टिकट देगी, ऐसी उम्मीद है लेकिन चुनाव जीतने के लिए ऐसे उन्हें कार्यकर्ताओं से मिलकर चलने और भाजपा की विचारधारा को अंगीकार करने की जरूरत है। यदि सभी नेता ऐसा करके चलेंगे तो उनके जीतने में कठिनाई नहीं होगी। शेजवार ने कहा यह सही है कि कांग्रेस से सिंधिया समर्थकों के भाजपा में आने के बाद ही भाजपा की सरकार बनी है। लेकिन जब पार्टियों का विलय होता है तो एक्जिस्टिंग पार्टी की विचारधारा चलती है। उसी का अनुशासन मान्य होता है। ऐसे में घटक दल और पार्टी के अनुशासन और विचार धारा का प्रश्न नहीं उठता। मंत्रिमंडल विस्तार के मसले पर शेजवार ने कहा कि यह बड़ा मसला नहीं है।

इकॉनोमी दुरुस्त करने में जुटी सरकार

RBI जारी करेगा डेली ट्रांजेक्शन डाटा, मार्च 2021 तक कोई नई योजना शुरू नहीं करेगी केंद्र सरकार

नई दिल्ली, ब्यूरो। कोरोना संकट से ध्वस्त अर्थव्यवस्था को संभालने के लिए केंद्र और राज्य सरकारों के सभी विभागों ने कमर कस ली है। इसके साथ ही देश में लेन-देन की क्या स्थिति है, इसकी जानकारी भी लोगों को उपलब्ध कराई जाएगी, ताकि अर्थव्यवस्था को लेकर लोगों में भरोसा जग सके। दूसरी ओर केंद्र सरकार मौजूदा वित्तीय स्थिति को देखते हुए अगले साल मार्च तक कोई नई योजना लांच नहीं करेगी। फिलहाल सरकार का फोकस आत्मनिर्भर भारत पर रहेगा ताकि लॉकडाउन में परेशान कारोबारियों और छोटे दुकानदारों को राहत दी जा सके।

1 3 जून के ट्रांजेक्शन के आंकड़ों से हुई शुरुआत

जिस तरह हर दिन पेट्रोल और डीजल के दाम जारी होते हैं, वैसे ही अब पैसों की लेनदेन के आंकड़े भी दिए जाएंगे। इसके तहत भारतीय रिजर्व बैंक एनईएफटी, आरटीजीएस और यूपीआई से होने वाले दैनिक लेनदेन के साथ एटीएम से होने वाली पैसे की निकासी की भी जानकारी दी जा रही है। रिजर्व बैंक ने तीन जून के पैसों की लेनदेन के आंकड़े अगले दिन यानी 4 जून को जारी किए। इन आंकड़ों के मुताबिक 3 जून को देशभर में एटीएम मशीनों से 4,426.92 करोड़ रुपए की निकासी की गयी। जबकि 668.88 करोड़ रुपए का लेनदेन बैंकिंग प्रतिनिधियों के माध्यम किया गया। देश में आरटीजीएस से 4.3 लाख लेनदेन किए गए।

2 केंद्र का फोकस आत्मनिर्भर भारत पर

वित्त मंत्रालय ने विभिन्न मंत्रालयों और विभागों द्वारा अगले 9 महीनों या मार्च, 2021 तक स्वीकृत नई योजनाओं की शुरुआत को रोक दिया है। कोरोना की लड़ाई में आर्थिक संकट से जूझ रहे वित्त मंत्रालय ने वित्त वर्ष 2020-21 के लिए किसी नई योजना की शुरूआत पर रोक लगा दी है। यह आदेश उन योजनाओं पर भी लागू होगा जिनके लिए वित्त मंत्रालय के व्यय विभाग ने सैद्धांतिक अनुमोदन दे दिया है। हालांकि, आत्मनिर्भर भारत और प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजनाओं पर कोई रोक नहीं रहेगी।

3 72% MSME में छंटनी की तैयारी

देश की 72 फीसदी एमएसएमई का कहना है कि कारोबार को सुचारू तौर पर चलाने के लिए उन्हें निश्चित तौर पर छंटनी करनी होगी। सिर्फ 14 फीसदी सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग ऐसे हैं, जिनका कहना है कि वे बिना छंटनी के ही कारोबार को आगे बढ़ाएंगे। ऑल इंडिया मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन और 9 अन्य औद्योगिक संगठनों की ओर से साझा तौर पर किए गए सर्वे में यह बात सामने आई है। इसके अलावा कॉरपोरेट जगत में 42 प्रतिशत उद्योगों ने कहा है कि आगे काम जारी रखने के लिए उन्हें वर्कफोर्स में कमी करनी होगी।

भोपाल कमिश्नर ऑफिस में कर्मचारी पॉजिटिव, दफ्तर बंद

प्रदेश में आज 100 नए मरीज

भोपाल। राजधानी में कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या लगातार बढ रही है। आज फिर 52 नए कोरोना संक्रमित मरीज मिले हैं। भोपाल कमिश्नर के कार्यालय में एक कर्मचारी की रिपोर्ट कोरोना पॉजिटिव आने के बाद आनन- फानन में कर्मचारियों को सूचना देकर आफिस न आने की सूचना भेजी गई। भोपाल में 52 मरीजों के अलावा नीमच में 38 नए मरीज मिले हैं। इनमें से 35 अकेले जावद के रहने वाले हैं। जबकि दो उम्मेदपुरा और एक नीमच का रहने वाला है। वहीं खंडवा में 6, राजगढ में 3 और धार में 1 नया कोरोना संक्रमित मरीज मिला है। वहीं आज भोपाल से 41 और दतिया में एक मरीज को डिस्चार्ज किया गया।

गुजरात: एक और कांग्रेस MLA का इस्तीफा, राज्यसभा चुनाव से पहले 8 ने छोड़ा साथ

अहमदाबाद, एजेंसी। गुजरात में राज्यसभा चुनाव के ऐलान के बाद से अब तक 8 कांग्रेस विधायक पार्टी छोड़ चुके हैं। बीते दिनों में विधायक कर्जन से अक्षय पटेल, कपराडा से जीतू चौधरी ने इस्तीफा दिया था। अब आज ब्रिजेश मेरजा ने भी अपना इस्तीफा स्पीकर को सौंपा दिया है। इससे पहले कांग्रेस के पांच विधायक प्रवीण मारू, सोमा पटेल, प्रद्युम्न सिंह जडेजा, जेवी काकड़िया और मंगल गावित भी इस्तीफा इस्तीफा चुके हैं।

खुशखबरी: ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी का इंडियन कंपनी से करार

5 माह में मिलेगी कोराना वैक्सीन, पुणे में बनेगी

नई दिल्ली, एजेंसी

कोरोना वायरस से जंग में एक अच्छी खबर आ रही है। ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी की संभावित वैक्सीन की सप्लाई के लिए ब्रिटिश स्वीडिश फार्मास्युटिकल कंपनी आस्ट्राजेनेका ने भारत से हाथ मिलाया है। आस्ट्राजेनेका ने घोषणा की कि वैक्सीन की सप्लाई के लिए वह पुणे स्थित सेरम इंस्टिट्यूट के साथ लाइसेंस करार करने वाली है। ये दोनों मिलकर 1 अरब कोरोना वैक्सीन को भारत समेत कम आय वाले देशों में पहुंचाएंगे। इनमें से 40 करोड़ वैक्सीन की 2020 के अंत तक सप्लाई करने का लक्ष्य है।

साल के अंत तक डिलिवरी

ब्रिटिश दवा निर्माता नई वैक्सीन के निर्माण और डिस्ट्रिब्यूशन में मदद देने वाली संस्था सेपी और गवी के साथ डॉलर 750 मिलियन के समझौते के लिए पहुंच चुकी है। इसके माध्यम से संभावित वैक्सीन के 30 करोड़ डोज की खरीद और वितरण किया जाएगा। वैक्सीन की डिलिवरी इस साल के अंत तक शुरू हो सकती है।

पुणे स्थित SII इस वक्त यूके की ऑक्सफोर्ड, अमेरिका के कोडेजेनिक्स और ऑस्ट्रेलिया की बायोटेक फर्म थेमिस द्वारा विकसित की गई वैक्सीन कैंडिडेट्स पर काम कर रही है।

ट्रायल का दूसरा फेज

बता दें कि वैक्सीन बनाने की रेस में ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सटी सबसे आगे है। यहां वैक्सीन का ट्रायल दूसरे फेज में पहुंच गया है। वहीं पुणे स्थित एसआईआई यहां विकसित होने वाली वैक्सीन के साथ काम कर रही है। हाल ही में ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी ने दूसरे और तीसरे फेज के ट्रायल की घोषणा की जिसमें 10,000 व्यस्कों को शामिल किया जाएगा। कई देशों में इसके बाकी के ट्रायल शुरू होने वाले हैं।